श्री ए० एम० तारिक़ : म भी कहता हूं लेकिन आपने जिस तरीके से कहा है उससे मालूम होता है कि आपके पास शायद अदादो-शुमार नहीं है कि आसाम में जो फसादात हुये उस में जहां हिन्दुओं की जायदाद लूटी गई वहां मुसलमानों की भी जायदाद लूटी गई ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : बताइये जरा । बिल्कुल नहीं ।

श्री ए० एम० तारिक़ : मुसलमानों के भी मकान जलाये गये । वाइस चेयरमैन साहब, म इस मसले को छेड़ना नहीं चाहता था, मैं और तरीके से अपनी तकरीर करना चाहता था लेकिन मेरे पास यह है :

1. Assam type house (burnt) value Rs. 50,000

SHRI SUNDAR SINGH BHAN-DARI: Type house run by whom?

SHRI A. M. TARIQ: It was his own house.

SHRI SUNDAR SINGH BHAN-DARI: Type house run by whom? That is what you do not know.

SHRI A. M. TARIQ: Then, Nazmul Hussain (Assamese) double storeyed Assamese type building, one burnt, value Rs. 70,000. Then, Asfl Khatun (Assamese) widow of Nurul Islam), one Assam type House, burnt, value Rs. 50,000.

मेरे पास 40–50 के करीब नाम हैं । और इस के साथ साथ जहां मुसलिम आबादी ज्यादा थी––मने पिछली दफा भी कहा है – वहां मुसलमानों ने अपने गैर मुसलिम हमसायों को, अपने दोस्तों को, पनाह दी है, उन की जायदाद बचाई हैं । मेरे पास उन के भी नाम हैं ।

Shri Dayal Sarma of Marwari community, having grocery shop near Gauhati Club is still living with family at Hidayetpur with a Muslim family.

SHRI SUNDAR SINGH BHAN-DARI: I accept it

श्री ए० एम० तारिक़ : तो म यह कहना चाहता हूं कि इन फसादात में हर एक की जायदाद पर हमला हुआ है लेकिन जिस तरीके से भंडारी साहब ने फर्माया है वह दुरुस्त नहीं । मैं भी जानता हूं, हम में से कौन नहीं जानता है कि पाकिस्तान हिन्दुस्तान की सरहदों के करीब अपनी फौजी ताकत बढ़ा रहा है लेकिन क्या यह हकीकत नहीं है कि हमने बार बार इसके खिलाफ चैलेंज किया है, क्या यह हकीकत नहीं है कि आपके शानाब शाना हमने पाकिस्तान और चाइना के हमले का मुकाबिला नहीं किया ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : जरूर किया है ।

श्री ए० एम० तारिक़ : जरूर करेंगे, आपको खुश करने के लिये नहीं करेंगे बल्कि इसलिये करेंगे कि यह मेरा वतन है, हमने इस वतन में अपने बाप दादाओं की आखिरी हड्डियां दफनाई हैं, इस वतन में मेरा कल्चर है, यह सिर्फ आपकी मीरास नहीं है ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : आप पाकिस्तान की वकालत कर रहे हैं या अपनी ।

श्री ए० एम० तारिक़ : मैं अपना जिक्र कर रहा हूं ।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : अपनी करिये न । मैं आपको समझता हूं ।

श्री ए० एम० तारिक़ : ...और पाकिस्तान की मुखालिफत कर रहा हूं । मुझे उस दिन का यकीन है जिस दिन कि आप पाकिस्तान के साथी होंगे और हम नहीं होंग ...

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : अच्छा ?

श्री ए० एम० तारिक़ : ...क्योंकि दोनों की तहरीक मजहब की बुनियादों पर है, नफरत पर है। जन संघ की बुनियाद भी नफरत पर है और पाकिस्तान की बुनियाद भी नफरत पर है। आप दोनों लोग सेक्युलर ताकतों के खिलाफ एक दिन मिल कर हमला करेंगे लेकिन उस वक्त हम हिन्दुस्तान की सेक्युलरिज्म के साथ होंगे, नाम कुछ भी हो, वह मेहता हो, वह शुक्ला हो, वह आबिद अली हो, हम सब इकट्ठा होंगे और फिरकापरस्ती का मुकाबिला करेंगे। मैं आपको यकीन दिलाना चाहता हूं कि इस तरह की बातें करने से मुल्क की फ़िजा को ख़राब करना, मुल्क के अमन को खतरे में डाल कर अपनी लीडरशिप कायम करना, यह मैं समझता हूं कि मुल्क के साथ दयानतदारी नहीं है।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : इसीलिये तो परिस्थिति बिगड़ती जा रही है।

श्री ए० एम० तारिक़ : बिल्कुल नहीं बिगड़ेगी। बिगड़ती इसलिए है कि आप इस तरह की बातें करें। अगर आप पाकिस्तान के खिलाफ बात करें, हम आपके साथ हैं लेकिन जब आप पाकिस्तान के पर्दे में यहां की सब से बड़ी अक्लियत पर हमला करते हैं, जब आप उन को अपने तीरे सितम का निशाना बनाना चाहते हैं तो मैं आपके खिलाफ आवाज़ बुलन्द करूंगा। मैं अकेला ही नहीं हूं बल्कि इस मुल्क के करोड़ों हिन्दू आपकी मुखालिफत करेंगे।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : पाकिस्तान के पद में बठना छोड़ दीजिये।

श्री ए० एम० तारिक़ : मैं इस मुल्क में अकेला नहीं हूं, म आपको यकीन दिलाता हूं कि इस मुल्क में करोड़ों मेरे साथी हैं, उन का मजहब कुछ भी हो, हिन्दुस्तान की अक्सरियत सेकुलर है और अगर आपकी छोटी सी अकलियत यह कहती है, छोटी सी अकलियत पर अगर आप यह कहते हैं कि आसाम में पाकिस्तान ने फसादात कराये, चीन ने फसादात कराये, तो मेरठ का कत्लेआम किसने कराया...

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : अगर आपमें अखलाकी जुरात है तो सामने आ कर कहिये कि मेरठ ....

श्री ए० एम० तारिक़ : इन दोनों चीजों को अगर आप जोड़ कर लाना चाहते हैं तो उसका भी जवाब मैं देने को तैयार हूं।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : जरूर दीजिए।

श्री ए० एम० तारिक़ : मैं आपकी एक बात का दस जवाब दूंगा, ऐसी बात नहीं है कि आपके चिल्लाने से घबड़ाता हूं, उसकी वजह से अपने जमीर और उसूल को कुर्बान नहीं कर सकता हूं, मैं जान दे दूंगा लेकिन इंकीकत के खिलाफ कोई बात...

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : मैं भी उसूल को कुर्बान नहीं करता हूं।

श्री ए० एम० तारिक़ : आप भी दे दीजिए और मैं भी दे दूंगा लेकिन फिर देखिये कि किसका खून कौन सा रंग लेता है, मेरे खून से सेकुलरिज्म के गुलाब निकलेंगे और आपके खून से फिरकापरस्ती की बू आयेगी।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : इन बातों से तो यह मालूम पड़ता है कि ....

श्री ए० एम० तारिक़ : बातों की बात नहीं, हम इस मुल्क को एक रखना चाहते हैं और मुझे मालूम है, मैं भंडारी साहब का एहतराम करता हूं, भंडारी साहब ने आज जो तकरीर की है वह उनके दिल की तकरीर नहीं है, वह

[श्री ए०एम० तारिक]

तकरीर महज किसी खास गिरोह के दबाव से की है, वर्ना भंडारी साहब ऐसी तकरीर करने वाले नहीं हैं, भंडारी साहब मजबूर हो कर किसी जमात के एग्रेसिव ग्रुप के कहने पर, एग्रेसिव ग्रुप की वजह से उनको वह तकरीर करनी पड़ी, वर्ना वह ऐसी तकरीर करने वाले नहीं हैं। आप उनके दिल पर हाथ रखिये तो वहां वही आवाज आयेगी जो कि मैं कह रहा हूं। उनकी हंसी खिसियानी हंसी है, वह इस बात को महसूस कर रहे हैं कि उन्होंने बहुत गलत तकरीर की है।

मिस्टर वाइस चेयरमैन, हमको यह भी देखना है कि कहीं इस मुल्क में सिर्फ चीन और पाकिस्तान का नाम ले कर कोई तीसरी गरमुल्की ताकत तो यहां नहीं ला रहे हैं, क्या आसाम के रहने वाले लोगों ने इस बात का एलान नहीं किया है कि इन फसादात के पीछे सी० आई० ए० का भी हाथ हो सकता है, क्या इस बात से आप बेखबर हैं, हिन्दुस्तान की हुकूमत बेखबर है, क्या इस एवान के लोग बेखबर हैं कि अमेरिका भी इस किस्म के फसादात चाहता है और खास तौर पर ऐसे इलाकों में जो कि सरहदी इलाके हों। मैं भंडारी साहब से इंतिहाई खलूस, मुहब्बत, रवादारी और बिरादराना-चारे में यह दरख्वास्त करूंगा, यह अपील करूंगा कि वह इस हर चीज को देखें। मुझे फारसी का एक शेर याद आ रहा है जो मैं अपने दोस्त भंडारी साहब की खिदमत में पेश करना चाहता हूं :

बहर रंग कि ख्वाही जामा मभी पोश
मन अंदाज कदतरा मभी शिनासम।

ऐ मेरे महबूब तू चाहे कोई कपड़ा पहन ले तुझको तेरे कद से पहिचानता हूं। आप कैसी बात कीजिये मैं जानता हूं कि आपके पीछे क्या है, आपकी तहरीक क्या है। आइये भंडारी साहब यह भूल कर के कि आप किसी जमात के नुमाइंदा हैं और मैं भी यह भूल जाऊं कि मैं किसी जमात का नुमाइंदा हूं, हिन्दुस्तानी की हैसियत से, शाने ब शाने चल कर हिन्दुस्तान के फसादात को खत्म करें, इकट्ठे हो कर चलें आप, मैं और राजनारायण और तमाम लोग अपनी जान इसलिये दें कि रंग के नाम पर, मजहब के नाम पर, जबान के नाम पर, जुगराफिया के नाम पर कोई फसादात नहीं होंगे। हम सब एक हैं, खुदा के वास्ते, हिन्दुस्तान के आईन के वास्ते यह कोशिश कीजिए कि मुल्क एक रहे, मुल्क के रहने वाले एक हों और मुल्क में सब को रहने और बसने का आजदाना हक हो। शुक्रिया।]

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, मैं तारिक साहब की तकरीर से वाकई तकलीफ में, बहुत परेशानी में पड़ गया हूं कि वस्तुस्थिति को किस तरह रखूं, मगर एक बात मैं जरूर निवेदन कर दूं कि तारिक साहब से मेरी अर्ज यह है कि वह अपने को मुसलमान का ठेकेदार न समझें और भंडारी साहब से भी यह अर्ज है कि वह अपने को हिन्दू का ठेकेदार न समझें। दोनों से अर्ज है और मैं आज उस हिन्दू और उस मुसलमान दोनों को इस मुल्क के लिए वफादार, सच्चा वफादार मानने के लिये तैयार नहीं हूं जो भारत और पाकिस्तान को पुनः एक करने के मुहब्बत और प्रेम के सीधे रास्ते पर नहीं चल रहा है। इधर उधर छिटपुट कहीं यहां कहीं वहां पकड़ने से मसला हल नहीं होगा। अगर भंडारी साहब और तारिक साहब दोनों मसले का हल चाहते हैं तो शुरूआत करें कि भारत और पाकिस्तान का एक महा संघ हो जाय। फिर आगे चल कर दोनों का एकीकरण हो क्योंकि यह बंटवारा ही अन्-नेचुरल है, अप्राकृतिक है। जब तक ये दोनों मुल्क अलग अलग रहेंगे तब तक उनके रिश्ते भी अन्नेचुरल रहेंगे। न तो उनमें सही दोस्ती और न उन में सही दुश्मनी होगी। दोनों के मामले उलझे रहेंगे अन्नेचुरल रहेगा, अप्राकृतिक रहेगा। यह तो हम एक मूल तथ्य कह देते हैं। इसलिये मुझे अफसोस इस बात

का होता है कि भारत सरकार भी उतनी ही निकम्मी है अपनी जनता के लिये जितनी निकम्मी पाकिस्तानी सरकार पाकिस्तान की जनता के लिये है । अरे तारिक सुनो, लगे इधर उधर करने । दोनों मुल्कों की सरकारें पाजी हैं

श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह (बिहार) : "पाजी" पार्लियामेंटरी लैंगुएज नहीं है ।

श्री राजनारायण : कांग्रेस यह समझती है श्रीमन्, ज़रा ख़याल करें . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री अकबर अली खान) : आप ज़रा बेहतर अल्फाज इस्तेमाल करें ।

श्री राजनारायण : पाजी शब्द बहुत ही पार्लियामेंटरी है । यह गांधी जी के मुखारविन्द से निकला हुआ शब्द ब्रिटिश साम्राज्यवाद के लिये है पाजी और बदमाश दोनों । दोनों शब्द गांधी जी के मैं इस्तेमाल कर रहा हूं । लेकिन जिस समय गांधी जी थे वह अंग्रेजों के लिये यह शब्द कहा करते थे। लोग समझते थे कि ठीक है । मगर यह पाजी और बदमाश कोई इन्सान नहीं होता । यह एक तरीका है, एक तर्जे अमल है । उस तर्जे अमल को जो भी इस्तेमाल करे वह पाजी और बदमाश है ।

तो मेरे नजदीक, मैं साफ साफ बता दूं, आज भंडारी साहब और इंदिरा दोनों एक जगह हैं, तारिक भी उसी जगह हैं, क्योंकि आज भारतवर्ष में एक बटा आठ मुसलमान हैं और अगर भारत और पाक एक हो जायेगा तो हिन्दुस्तान बन जायेगा । आपके जरिये तारिक साहब से कहना चाहता हूं, 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, हम बुलबले हैं उसकी यह गुलिस्तां हमारा' यह तो खत्म कर दिया उन लोगों ने जिन्होंने हिन्दुस्तान हिन्दुओं के लिये नारा दिया और जिन्होंने पाकिस्तान मुसलमानों के लिये नारा दिया । वह हिन्दुस्तान सत्य है । आज इसका नाम है भारत और उसका नाम है पाकिस्तान । अंग्रेजी में कहो तो कहो इण्डिया । तो भारत और पाकिस्तान एक में मिल कर के जब तक हिन्दुस्तान नहीं बनेगा तब तक कहीं न कहीं विवाद रहेगा, इसको दोनों मानते हैं ।

मैं अब एक दूसरी थ्योरी चला रहा हूं वह यह है कि आज कांग्रेस नहीं चाहती कि भारत पाक एक हो । क्यों नहीं वह इस वातावरण को पैदा करती ? क्योंकि आज मुसलमान एक बटा आठ हैं, कांग्रेस बराबर हर चुनाव में एक एक मुसलमान को डराती रहती है कि अगर हमको वोट नहीं करोगे तो ऐसा होगा । जब पाकिस्तान और भारत एक होकर मुसलमान एक बटा चार हो जायेंगे तो इतनी आसानी से भंडारी साहब नहीं कह पायेंगे, अगर वह एक बटा चार हो जायेंगे, तो उनको डरा नहीं पायेंगे कि तुमको पाकिस्तान भेज देंगे । फिर मसला हल हो जायेगा, सब का द्वार एक हो जायेगा, सबका घर एक हो जायेगा, सब एक मुल्क के लिये मरना जीना सीखेंगे । इसलिये न बेमतलब न भंडारी साहब तारिक साहब को दोष लगायें न बेमतलब तारिक साहब भंडारी साहब को दोष लगायें और अपने दिमाग को ठीक करें क्योंकि जब तक दिमाग ठीक नहीं रहेगा तब तक अनावश्यक ढंग पर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहेंगे और उससे समस्या का हल नहीं होगा । मैं जानना चाहता हूं यहां जितने भाषण हुए हैं, श्रीमन्, आप बैठे हुए हैं गद्दी में, किसी ने एक असम के सिवाय जो मूल समस्या है उसके बारे में कुछ कहा । हम पूरी तरह से बैठ कर ध्यान से सुनते रहे अपने मित्र भार्गव जी कि कुछ बोलेंगे कुछ बोलेंगे—मगर जनतंत्र जनतंत्र, राष्ट्रीयता राष्ट्रीयता खतरे में है, सिवाय इसके कुछ नहीं । देखा जाय झगड़ा कहां खड़ा है । चुनाव के पहले घोषणा की घर मंत्री ने श्री चव्हाण साहब ने, कहा कि फेडरेशन हो

[श्री राज नारायण]

जायेगा । सोचा कि सत्ता बटोर लो और ज्योंही चुनाव जीता, मेहता कमेटी आ गई, मेहता कमेटी ने कहा, नहीं फेडरेशन नहीं होगा बल्कि जो पहाड़ का इलाका है उसके लिये ज्यादा ओटोनामी दे दो और इसके बाद जब श्रीमती इंदिरा नेहरू गांधी आ गईं तो उन्होंने एक शोशा छोड़ दिया कि मैं मेहता कमेटी की राय से सहमत नहीं हूं । (*Interruptions*) ईमानदारी के साथ बोलो, समस्याओं को इधर उधर बहलाने से काम नहीं चलेगा । मैं आज जानना चाहता हूं, क्या चव्हाण क्या मेहता, क्या इंदिरा नेहरू गांधी ने असम के सवाल पर जो अपने जजबात का इजहार किया सब एक हों, ईमानदारी से कहो ..... (*Interuptions*) क्या एक हो ? अगर एक नहीं हो तो क्यों समय नष्ट करते हो यहां ? पहले बैठ कर कांग्रेस पार्टी का दिमाग एक करो और जब तक पार्टी का दिमाग एक नहीं है कैबिनेट का दिमाग एक नहीं है, कैबिनेट की जौइन्ट रेस्पांसिबिलिटी, सम्मिलित जिम्मेदारी के सिद्धान्त को मानते हुए उसी का एक एक मंत्री विभिन्न मौकों पर विभिन्न बातों को कहते रहें, यह सारी समस्या के जड़ में है । जो कांग्रेसी असम से हैं वह सुन लें ।

एक बात मैं अपने मित्र तारिक को कहना चाहता हूं । अगर यहां न हो तो उसक कानों तक हमारी आवाज पहुंचा दें कि क्या पूर्वी पाकिस्तान में बंगासम का नारा नहीं लगा था कुछ समय पहले, बंगासम के मानी बंगाल और असम एक हो । बंगासम का नारा क्या नहीं लगा था और अगर पूर्वी पाकिस्तान में बंगासम का नारा लगा था जो सत्य है, वस्तुस्थिति है तो फिर तारिक का जवाब क्या है ? सिवाय इसके कि दोनों मुल्कों को एक करो, कोई जवाब नहीं है और पूर्वी पाकिस्तान के ठेकेदार बन कर तारिक कहने लगे तो कोई पाकिस्तान का नाम ही न ले । हमारी मुसीबत हो जायेगी । मैं किसी चीज को छिपा कर कहना जानता ही नहीं । श्रीमन्, शुद्ध नारा लगा बंगासम का, बंगाल असम एक हो । मैं फिर कांग्रेस मेम्बरों से कहना चाहता हूं कि क्या पंडित जवाहरलाल नेहरू जब जिंदा थे और जब 1962 में चीन का हमला हुआ तो उन्होंने यह नहीं कहा था कि मैं नहीं जानता चीन के क्या इरादे हैं, असम की जनता पर बड़ी मुसीबत है, हमारी हमदर्दी असम के साथ है । तो क्या असम के लोगों ने यह नहीं कहा था कि अरे यह नेहरू तो सारा हिस्सा पाकिस्तान को दे चुके थे, वह तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे जिनकी वजह से यह हिस्सा भारत में रह गया । क्या तेजपुर खाली नहीं हो गया था, तेजपुर खाली हो गया था, कलक्टर साहब भागे, बैंकों में नोट जले थे, जेल के फाटक पर कैदी छोड़े गये थे । मैं आपके जरिये अपने नौजवान मंत्री श्री शुक्ल जी से कहना चाहूंगा कि जब तक भूत की अनुभूति नहीं करोगे, पास्ट को नहीं जानोगे और वर्तमान कर्त्तव्यों का ज्ञान नहीं रखोगे और भविष्य का सपना कैसा है क्या है उसको नहीं देखोगे तब तक इस मुल्क को आज कोई माई का लाल बचा नहीं सकता, इस मुल्क को कोई बचा ही नहीं सकता, यह मुल्क जा रहा है । जो मनःस्थिति सुबह देखी, असम अलग, मद्रास अलग, यह एक ही मनःस्थिति है । इसके इधर उधर मत जाना, जब मद्रास का सवाल आये मद्रासी खड़ा हो कर कहे 'हर्गिज नहीं', असम का मसला आये तो असम का खड़ा हुआ, 'हर्गिज नहीं' 'कोई वहां चिंता नहीं ।' श्रीमन्, शुद्धतः जब मुल्क दो हैं —मैं साफ

बता रहा हूं, मैं चाहता हूं भारत पाक का शुरू में महासंघ बने, फेडरेशन । फिर इसके बाद मैं चाहता हूं दोनों का एकीकरण हो जाय और जब तक महासंघ न बने और एकीकरण न हो या कोई ऐसी सरकार न बन जाय जो सभी के साथ इन्साफ करने की बात करे, तब तक एक इन्च जमीन भी हम पाकिस्तान को देने के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि जब दो अलग अलग हैं तो अलग अलग अपने राष्ट्र की सर्व-प्रभुसत्ता को कायम रखने के लिये, अपनी सीमाओं की सुरक्षा करनी होगी । मत समझना असम अलग है । यहां तो कच्छ समझौते से कंजरकोट, छादबेट जैसी जगहों को देने जा रहे हो, वही मनोवृत्ति वहां भी है । यह सबसे बड़ा सवाल है । आज मुल्क में बंगाल है, तो क्या बंगाल में कुछ नहीं हुआ ? बंगाल में तीन साल पहले तमाम जितने बिहार और उत्तर प्रदेश के लोग थे, जो वहां भैंसों का रोजगार करते हैं, तमाम लोगों को क़त्ल कर दिया जिसका सवाल उत्तर प्रदेश का विधान सभा में हुआ, मुख्य मंत्री से ख़त लिखवाया गया । क्या यही सवाल बम्बई में नहीं है, क्या वहां शिव सेना नहीं है ? बम्बई की शिव सेना क्या है ? बम्बई में हमारे उत्तर भारत के लोगों को भइया कहते हैं और बम्बई में एक बार नारा उठा है जो उत्तर भारत के लोग चले गये हैं—किसके दिमाग में यह चीज पैदा हुई है । इस तरह की जो दिमाग की प्रक्रिया है वह गलत है और यही आज आसाम में आई है क्या कुछ समय पहले इसी आसाम में बंगालियों के खिलाफ आन्दोलन नहीं हुआ था ?

एक माननीय सदस्य : हुआ था ।

श्री राजनारायण : हां, उस समय एक आन्दोलन हुआ था कि बंगालियों को हटाओ और निकालो आसाम से । तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि इस सरकार के दिमाग में उस समय यह बात क्यों नहीं आई . मैं सीधे सीधे कहना चाहता हूं कि अगर शुद्ध देखा जाय कि जिस दिमाग की खुराफात ने कुदरत के जरिये बनाये हुए एक मुल्क हिन्दुस्तान को, जिस को भूगोल ने, तवारीख ने, समुद्र ने, पहाड़ ने एक बनाया, उसको इन्सान के दिमाग की फितरत ने दो हिस्सों में बांट दिया साफ साफ । तो वह कौनसी फितरत थी जिसने एक मुल्क को दो हिस्सों में बांट दिया ? वही दिमाग और वही फितरत आज आसाम में भी आ रही है । मैं तीनों को दोषी पाता हूं ।

एक तो सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो अंग्रेजी साम्राज्यवाद था जिसने हिन्दू और मुसलमान के बीच में नफरत बढ़ाई और मुझे मालूम नहीं कि लोगों को इस बात की जानकारी है या नहीं कि 1905 में बंगाल के एक ले० गवर्नर ने एक लेख लिखा था और उसको लोगों ने पढ़ा या नहीं । उसमें लिखा था कि अंग्रेजी साम्राज्यवाद की दो बीवियां हैं । एक बीवी का नाम है हिन्दू और दूसरी बीवी का नाम है मुसलमान । हिन्दू बीवी 1905 के पहले चहेती थी और 1905 के बाद मुसलमान बीवी चहेती थी । कभी कभी अंग्रेज भी सही बात लिखते हैं । अंग्रेजी साम्राज्यवादी हुकूमत ने हिन्दू और मुसलमानों के बीच में नफरत को बढ़ाया केवल अपने साम्राज्यवाद को कायम रखने के लिए जब अंग्रेज यहां से गये तो वे इस मुल्क को जाते जाते दो हिस्सों में बांट गये ताकि हमेशा हमेशा के लिये ये मुल्क कमजोर रहें । आज दुनिया की बड़ी बड़ी ताकतें हैं, चाहे रूस हो, अमेरिका हो, चीन हो, अगर भारत और पाक एक होते, तो हमारी आबादी कितनी होती, शुक्ल जी ? इधर की आबादी करीब 50 करोड़ है और उधर की आबादी को मिलाकर 64 और 65 करोड़ की आबादी होती । जो हम 10 अरब रुपया बार्डर में सेना रखने के लिए खर्च कर रहे हैं वह रुपया भी बचता । आप भी सिर हिला रहे हैं और इस बात की ताईद कर रहे हैं, मगर बेबस हैं । खाली दिमाग में यह बात आ जाती

है और पौरुष नहीं है। इस तरह से जो रुपया बार्डर में सेना रखने में खर्च हो रहा है वह बचता और वह रुपया देश में गरीबी तथा बेकारी को दूर करने में लगाया जाता और खर्च होता। सीधी साधी बात यह है कि इस लड़ाई के पीछे आर्थिकता का संबंध जुड़ा हुआ है। उसके पीछे माली हालत जुड़ी हुई है। हमारे एक मित्र ने कह दिया कि 100, 150 रिक्शेवाले मारे गये और उनके घर जला दिये गये। अगर देखा जाय तो मालूम होगा कि आसाम के अन्दर जो असमिया हैं, उनकी हालत ठीक नहीं है। उनका पेट भरता नहीं, तन ढकता नहीं, मकान उनके पास नहीं है, तालीम उनको उपलब्ध नहीं है। तो उनके अन्दर यह ख्याल पैदा किया जाता है कि अरे ये मारवाड़ी तुम्हारा धन लूट ले गये हैं और पहले तुम इनसे निबट लो, जब तक ये नहीं जायेंगे तब तक तुम्हारी माली हालत ठीक नहीं होगी। हमारे देवरिया, आजमगढ़, गोरखपुर और बस्ती जिले के बहुत से लोग गोहाटी में भरे पड़े हुए हैं वे लोग वहां पर सड़क कूटने का काम करते हैं, बिल्डिंग बनाने का काम करते हैं, जितने भी वहां पर काम होते हैं, वे सब करते हैं, इन सब लोगों पर चोट पड़ी क्योंकि असमियों में यह ख्याल पैदा किया गया कि अरे ये आकर रिक्शा चलाते हैं, सड़क बनाते हैं, अगर ये हट जायेंगे तो असमियों को काम मिल जायेगा। इस तरह की बात उनके दिमाग में बिठाई गई। इसलिये यह खुराफात है और इसमें हिन्दू और मुसलमान को मत देखो। जहां एक तत्व है उसको भी देखना पड़ेगा। हिन्दू मुसलमान भी है, मगर इस आब्जेक्टिव सिचुएशन से इसको अलग मत करो। या तो फिर हमारी परिभाषा मानो। 'हिनस्ति दुष्टानिति हिन्दू"। जो दुष्टों का हनन करे वही हिन्दू है। न जनेऊ है, न पताका है। मुसलमान के बारे में हमारी परिभाषा यह है जो सलामत का लम्बरदार हो वही मुसलमान है। या फिर कबीर की बात मान लो।

"जो तू बामन बमनी जाया, आन बाट है काहि न आया"। अगर तुम मनी के पेट से पैदा होने मात्र से ब्राह्मण हो, तो हम से ऊंचे कैसे हो क्योंकि हम भी माई के पेट से पैदा होते हैं। तुम क्यों नहीं दूसरे रास्ते से आये।

"जो तू तुरुकू तुरुकिनी जाया, पेटहि खेतना क्यों न कटाया।" तुम क्या मुसलमान के पेट से पैदा होने से क्या मुसलमान हो। अगर सही है तो जब मां के पेट में था तो तेरा खतना कटा था? तो जिस तरह से मां के पेट से हिन्दू पैदा होता है, उसी तरह से मुसलमान भी पैदा होता है। जिस तरह से ब्राह्मण पैदा होता है, उसी तरह से भंगी पैदा होता है, अहीर पैदा होता है और दूसरे लोग पैदा होते हैं। तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि इस सरकार ने इन बीस सालों में इस तरह की बुद्धि को क्यों नहीं जगाया? उसने इस तरह की बुद्धि को कहां जगाया? उसने तो अनावश्यक ढंग से ब्राह्मण और ठाकुरों को लड़ाया, ठाकुर नियों को लड़ाया और क्या यह राजनीति है? आज जो चुनाव किये जाते हैं वे शुद्ध जाति के आधार पर किये जाते हैं और यह सरकार राजनैतिक आधार पर चुनाव नहीं करवा रही है। वह जाति की नीति और साम्प्रदायिकता की नीति पर चुनाव करवा रही है और खुलकर यह कार्य शासक दल कर रहा है।

तो जो अंग्रेजी और अमरीका ताकतें हैं, वे इस कमजोरी को खूब जानते हैं और मैं श्री तारिक साहब से इत्तिफाक करता हूं कि इस संबंध में सी०आई०ए० का नाम क्यों नहीं लिया गया। मैं इत्तिफाक इसलिए करना चाहता हूं क्योंकि वे यहां पर बेस बनाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि अगर यह हिस्सा भारत से अलग हो जाय क्योंकि भारत हमारे खिलाफ बोल देता है, इसलिए शुद्धतः यह हिस्सा हमारे पास रहेगा जिसके जरिये हम अपनी इच्छा से कार्य कर सकेंगे और

अपनी तिगड़म पैदा करने के लिए उसने गरीबी मिटाने के नाम पर इस तरह की बात पैदा की है ।

एक बात और सुनिये, पहले मैं कुछ गफलत में था । हमारे मित्र आसाम से आये और मैं भी आसाम गया था । पहले हम अखबारों में पढ़ते थे कि फारेन एलीमेंट इन बातों के पीछे है । तो मैं समझता था कि फारेन एलीमेंट चीन हो सकता है, अमेरिका हो सकता है । लेकिन मुझे मालूम हुआ कि असमियों के अतिरिक्त सभी को फारेन ऐलीमेंट कहा जाता है । क्या यह बात सत्य नहीं है, हमारे मित्र बतला दें ? आसाम के जितने भी प्रतिनिधि हैं, उन्होंने इस बात को माना है कि आसाम में असमियों के अलावा जितने लोग हैं वे विदेशी माने जाते हैं, वे फारेनर माने जाते हैं । जो लोग हमारे वहां पर गये हैं, क्या वे फारेनर हैं ? इस असत्य को हटाने के लिए हमारी सरकार ने क्या कार्यवाही की ? जो लोग वहां पर गये हैं, जो उनको विदेशी कहा जायेगा और जब इस तरह का मसला उठेगा कि विदेशियों से पिंड छुड़ाओ तब जान भी जायेगी और माल भी जायेगा ।

मैं एक बड़ा सवाल यहां पर उठाना चाहता हूं । कांग्रेस वाले अपने को सिद्धान्तवादी कहते हैं । मगर मैं उनसे एक सवाल पूछना चाहता हूं आपके जरिये । हमारे मित्र श्री दास ने कहा जो पी०एस०पी० के हैं कि राष्ट्रीय झन्डा जलाया गया, कम्युनिस्टों ने कहा कि राष्ट्रीय झन्डा जलाया गया । हमारे कांग्रेस के लोग हमेशा यह गीत गाते हैं कि इसकी शान न जाये, चाहे जान भले ही जाये । तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि जब कांग्रेस पार्टी के दफ्तर से राष्ट्रीय ध्वज को जलाया गया तो उसको बचाने के लिए किस कांग्रेस के आदमी ने अपनी जिन्दगी खपाई ? मैं कहना चाहता हूं कि किसी भी माई के लाल ने उस झन्डे के लिए अपनी जान नहीं दी ।

एक माननीय सदस्य : आप कहां थे ।

श्री राजनारायण : हम आपकी छाती पर यहां चढ़े हुए थे । तो मैं कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय ध्वज के नाम पर आंसू न बहाओ । अगर राष्ट्रीय झन्डे के लिए अपनी जान दे देते, उसकी इज्जत करते, तो आज इस तरह के मसले नहीं पैदा होते और ये मसले हल हो गये होते । लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह सत्य नहीं है कि खुफिया विभाग की रिपोर्ट को श्री चालिहा साहब पहले से ही जानते थे । श्री चालिहा साहब के पास मुकम्मल रिपोर्ट थी और खुफिया विभाग निकम्मा हो गया था, यह बात गलत है । खुफिया विभाग ने यह रिपोर्ट दी थी कि श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी ने जो बयान दिया है और जो अखबारों में निकला है उससे यहां का वातावरण उग्र करवाया जा रहा है। तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि श्री चालिहा साहब क्यों भाग गये ? हर राज्य की राजधानी में 26 जनवरी को मुख्य मंत्री झन्डा फहराते हैं और श्री चालिहा साहब वहां पर नहीं थे ।

उपसभाध्यक्ष (श्री अकबर अली खान) : वे अपने मुस्तकर में थे । आप अब खत्म कीजिये ।

श्री राज नारायण : हां वे वहां चले गये शिवसागर में । वे शिवसागर में गोता लगाने के लिये चले गये थे । तो वे शिवसागर गये थे गोता लगाने और जो स्थिति होनी थी, वह हो गई । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वहां का सारा प्रशासन, सारा एडमिनिस्ट्रेशन हट गया था, खत्म हो गया था और जब वहां लोगों के घर जल रहे थे तो वहां पुलिस क्यों नहीं पहुंची ? वहां तो कांग्रेस की सरकार है । इसलिये वहां कोई बहाना नहीं लगाया जा सकता कि वहां दूसरे हैं । अब श्रीमान्, आप समस्या का समाधान देखें । एक बात मैं श्री तारिक की यहां पर दोहराना चाहता हूं । हमारी यह रपट है और मैं अकेले

[श्री राज नारायण]

में मंत्रियों से कह चुका हूं कि पंडित जवाहर लाल नेहरू की खिदमत में हम ने एक रपट आसाम समस्या के बारे में पेश की थी। हम जब वहां गये तो वहां घूम फिर करके हम उस को अच्छी तरह से देख कर के आये और हम आज भी कहते हैं कि चाहे जो भी सबब हो, पूर्वी पाकिस्तान से बहुत से लोग आसाम आये हैं, बसे हैं, आसाम की सरकार ने उनको जंगलात का पट्टा दिया है और वे उसमें खेती कर रहे हैं। कहीं दिमाग के कोने में यह चीज पड़ी हुई है कि अगर मुसलमानों का वहां बहुमत कर दिया जायगा तो आसाम पूर्वी पाकिस्तान के साथ मिल सकता है और पूर्वी पाकिस्तान और आसाम एक हो कर के पश्चिमी बंगाल को भी अपने में मिला सकते हैं। खुराफाती दिमाग इस ढंग से चल रहा है और इस का क्या कारण है, यह मैं नहीं जानता, लेकिन इस का जवाब आज तक इस सरकार ने नहीं दिया है।

हम को केवल फिर यही कहना है कि पहले श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी जी कांग्रेस को इस सम्बन्ध में एक मत का बनायें और जब कांग्रेस का दिमाग एक हो जाये तो फिर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं को बुला लें और उन से बात करें। यहां बात करने से ज्यादा अच्छा होगा कि गौहाटी में बात की जाय, आसाम में बात की जाय। हम उनके साथ आसाम चलने के लिये तैयार हैं। मगर मैं आज आप को एक चेतावनी देना चाहता हूं कि यह मसला रह रह कर के उठता रहेगा क्योंकि यह दूब की तरह है जिस की जड़ जब तक खोद करके नहीं निकाली जायगी तब तक वह दूब लहलहाती रहेगी, गरमी आयेगी तो वह झुलस जायेगी और थोड़ा पानी गिरेगा तो वह लहलहा जायेगी। इस लिये हिन्दू और मुसलमानों के बीच नफरत के बीज को, भारत और पाकिस्तान के बीच दुश्मनी के बीज को खत्म करो और उस के बीज को खत्म करने के बाद दृढ़ता से महासंघ बनाने के सिद्धान्त को ले कर आगे बढ़ो ताकि भारत और पाकिस्तान का एकीकरण हो, इस समस्या का समाधान हो, देश की गरीबी मिटे, लोगों का पेट भरे, लोगों को रहने के लिये मकान मिले और पहनने के लिये कपड़ा मिले और मर्ज की असली दवा हो।

SHRI M. PURKAYASTHA (Assam): Sir . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN): Five minutes. Be as brief as possible.

SHRI M. PURKAYASTHA: Mr. Vice-Chairman, I am also from Assam. What has happened in Assam on the 26th January has shocked all patriotic people in the country. Did it happen all of a sudden or was it the result of a planned action well prepared behind the scenes? Sir, since July last posters have been appearing in all the towns of Assam which say: "We are not Indians. We are Assamese. Indian Exploiters Quit Assam. Oh Assamese, Why do you forget that you were always independent? We are young men living on the banks of the Brahmaputra. We are not afraid of death Assamese who have got real blood, and not bastards, will sacrifice their all for the independence of Assam." Not only these posters but inflammatory leaflets were also being distributed all over Assam which said: "Assam was not in India and Assam will not be in India. Death is preferable to life of subordination to foreigners." All these leaflets and posters pourned in the towns of Assam and I personally drew the attention of the Central Government, the Assam Government and the Assam Congress leaders to these facts but nothing, it seems, has been done. It was known to all that a Lachit Sena organisation had been formed. Though in name it was a secret organisation it was functioning openly and it is no secret that there were some Congress leaders, some PSP leaders . . .

SHRI BANKA BEHARY DAS: No, no.

SHRI M. PURKAYASTHA: Yes, I say there were some PSP leaders and some independent Opposition M-L-As. behind it-

(Interruption)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI AKBAR ALI KHAN): Mr. Banka Behary Das, no interruption please

SHRI M. PURKAYASTHA: As I said there were and there are PSP leaders behind it-

SHRI BANKA BEHARY DAS: You should name them.

SHRI M. PURKAYASTHA: No, I need not.

SHRI BANKA BEHARY DAS: I want that they should be named.

